उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

पत्रांक–26420 /ऋण/एनबीसीएफडीसी/2017–18 दिनांक–23.03.18

समस्त शाखा प्रबन्धक,
उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,
उत्तर प्रदेश।

आप अवगत ही है कि एनबीसीएफडीसी की योजना में बैंक द्वारा एनबीसीएफडीसी, नई दिल्ली से वित्तीय सहायता लेकर ऋण वितरण किया जा रहा है। संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय शाखाओं द्वारा इन विशेष योजनान्तर्गत वितरित ऋण, वसूली एवं वसूली धनराशि को प्रधान कार्यालय प्रेषण से सम्बन्धित जनरल लेजर में जो प्रविष्टियां की गयी है तथा सम्बन्धित ऋणी सदस्यों के लोन लेजर के ऋण खातों में वसूली एवं अवशेष धनराशि के आंकड़ों में आपसी ताल–मेल की कमियॉ पायी गयी हैं। साथ ही शाखा द्वारा तैयार की गयी वार्षिक संतुलनपत्र में इन विशेष योजनाओं के अन्तर्गत लोन लेजर एवं जनरल लेजर के अनुसार लगे हुए ऋण में भी अन्तर की स्थिति पायी गयी है।

अतः इन विशेष योजनान्तर्गत योजना के प्रारम्भ से वितरित ऋणों, वसूली, वसूली धनराशि को प्रधान कार्यालय प्रेषित एवं अवशेष लगे हुए ऋण धनराशि की ऋणी सदस्यवार तथा जनरल लेजर के अनुसार अवशेष लगे हुए ऋण धनराशि की स्थिति अभिलेखीय परीक्षण उपरान्त दिनांक 31.03.18(वार्षिक संतुलनपत्र के अनुसार) अधोलिखित प्रारूप पर जनपदीय शाखा को दिनांक 07.04.18 तक तथा जनपदीय शाखा जनपद की संकलित सूचना मण्डलीय शाखा को दिनांक 10.04.18 तक तथा मण्डलीय शाखा मण्डल की संकलित सूचना दिनांक 13.04.18 तक प्रत्येक दशा में ऋण अनुभाग की ई–मेल **ID-gmloan.upsgvb@gmail.com** पर भेजना सुनिश्चित करें।

:: प्रारूप ::

एनबीसीएफडीसी की योजना में प्रारम्भ से कृषकवार वसूली का विवरणपत्र

क0 सं0	शाखा का नाम	ऋणी सदस्यवार ऋण खाता संख्या	कुल वितरित ऋण	कुल वसूली			अवशेष लगा हुआ ऋण			जनरल लेजर के अनुसार कुल वसूली			जनरल लेजर के अनुसार अवशेष लगा हुआ ऋण
				मूलधन	ब्याज	योग	मूलधन	ब्याज	योग	मूलधन	ब्याज	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14

23.03.18
(आर0 बी0 गुप्ता)
मुख्य महाप्रबन्धक(प्रशा0/ऋण)

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त जनपदीय,शाखा प्रबंधक,उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त प्रारूप पर जनपद की संकलित सूचना निर्धारित अवधि में मण्डलीय शाखा को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
2. समस्त मण्डलीय, शाखा प्रबंधक, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जनपदीय शाखाओं से प्राप्त सूचना संकलित कर दिनांक 13.04.2018 को प्रधान कार्यालय की ई–मेल **ID-gmloan.upsgvb@gmail.com** पर प्रेषित करें।
3. समस्त मण्डल पर्यवेक्षको को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचनाएं निर्धारित तिथि पर भेजने हेतु अपने स्तर से भी अनुश्रवण करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव(प्रबन्ध निदेशक) उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,प्रधान कार्यालय,लखनऊ के द्वारा प्रबन्ध निदेशक महोदय के अवलोकनार्थ।
5. उप महा प्रबन्धक(कम्प्यू0) उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,प्र0का0,लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि बैंक की समस्त शाखाओं के ई–मेल के माध्यम से प्रेषित कराने का कष्ट करें।

23/03/18
(के0 बी0 लाल)
सहायक महाप्रबंधक(ऋण)